प्रेस नोट **तिथि: 04.10.25**

राजकीय महाविद्यालय चौकी मनियार में रेड रिबन क्लब के सदस्यों द्वारा फ्लैश मॉब गतिविधियों के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक एवं नृत्य के माध्यम से एचआईवी एड्स और नशाखोरी के विषय पर महाविद्यालय के छात्रों एवं गाँव के लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बलविंदर सिंह राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे ।

महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक और नृत्य का भरपूर आनंद लिया और साथ ही एचआईवी एड्स और नशाखोरी से दूर रहने तथा समाज को इस सन्दर्भ में जागरूक करने का संकल्प भी लिया। कॉलेज प्राचार्य ने रेड रिबन क्लब के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत की गई नुक्कड़ नाटक की सराहना की और छात्रों को विभिन्न प्रकार के संक्रमित रोगों , विशेष रूप से टीबी के बारे मे विस्तार से जानकारी सांझा की। उन्होंने समाज को इस विषय मे जागरूक करने और व्ययक्तिगत साफ-सफाई को प्राथमिकता देने की बात भी की।

रेड रिबन क्लब की नोडल अधिकारी डॉ. सगुन डोगरा ने हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के तत्वाधान मे चलाए जा रहे एचआईवी एड्स संक्रमण और बीमारी से संभन्दित जानकारी और एड्स हेल्पलाइन नंबर 1097 के बारे मे क्लब के सदस्यों को जानकारी दी। क्लब के सदस्य सूर्ययवीर ने एचआईवी एड्स विषय पर विस्तृत वायाख्यान दिया और छत्रों से अपील की कि वे एचआईवी एड्स संक्रमण और बीमारी के बारे मे लोगों को जागरूक करें और इसकी रोकथाम से संभन्दित सभी सूचनाएँ और जानकारियाँ लोगों तक पहुंचाएँ। इस कार्यक्रम का आयोजन रेड रिबन क्लब की संयोजिका डॉ. सगुन डोगरा के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ, जिन्होंने युवाओं के बीच सामाजिक स्वास्थ्य एवं नैतिक चेतना को विकसित करने हेतु लगातार प्रयासरत रहने की आवश्यकता पर बल दिया। इस उपलक्ष्य पर महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो. कविता कौशल, डॉ. रामकुमार नेगी, प्रो. नवीन शर्मा, क्लर्क श्री अमन तथा अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

04/10/25 प्रधानाचार्य

Principal
GDC Chowki Maniar
Distt. Una (H.P.) Pin:-174314